भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2534

20 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

वाइजेग इस्पात संयत्र का आरआईएनएल में विलय

2534. श्री वाई.एस. चौधरी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वाइजेग इस्पात संयंत्र का आरआईएनएल के साथ विलय किए जाने हेतु कोई प्रस्ताव या प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है ताकि इसे एक बड़ी इस्पात कंपनी और इस क्षेत्र में अग्रणी बनाया जा सके;

(ख) यदि हां, तो सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या यह सच है कि इन इस्पात संयंत्रों के विलय से सभी संयंत्र व्यवहार्य और लाभार्जक हो जाएंगे तथा वाइजेग इस्पात संयंत्र के निजीकरण से बचा जा सकेगा;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करेगी और विलय के ब्यौरों पर काम करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन करेगी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (ङ): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), विजाग इस्पात संयंत्र (वीएसपी) की निगमित इकाई है। आरआईएनएल के रणनीतिक विनिवेश का निर्णय सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए अधिसूचित नई सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (पीएसई) नीति के अनुरूप लिया गया है। भारत सरकार की इक्विटी के रणनीतिक विनिवेश से इष्टतम उपयोग हेतु पूंजी का समावेश होगा, क्षमता का विस्तार होगा, प्रौद्योगिकी का संचार होगा और प्रबंधन प्रक्रियाएं बेहतर होंगी। इससे उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा।

****